सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 75 | इंदौर, शुक्रवार 27 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कूनो को लेकर बड़े खुलासे

# अवैध ट्रेंकुलाइजेशन से हुई 'पवन' की मौत?

## अब तक 110 बार किया ऐसा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक चीता प्रोजेक्ट में वन विभाग के अधिकारियों की गंभीर अनियमिता को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। अब तक कूनों में अवैध तरीके से 110 बार चीतों का ट्रेंकुलाइजेशन किया गया। चीता शावकों में टिक्स (परजीवी) मिलने से मॉनीटरिंग के दावों पर सवाल खड़े किए गए हैं। साथ ही मृत चीतों के पोस्टमार्टम में भी प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है। जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) को शिकायत कर जांच करने की मांग की गई है।

अफ्रीका महाद्वीप से आए चीतों को देश में दो साल पूरे हो गए हैं। इस बीच कूनो के प्लान में प्रोजेक्ट चीता का उल्लेख नहीं होने के बाद अब गंभीर अनियमिताओं का खुलासा हुआ है। कूनो में अवैध तरीके से चीतों को 110 बार ट्रेंकुलाइज किया गया। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह और एनटीसीए को शिकायत की गई है। शिकायत के अनुसार कूनो नेशनल पार्क में चीतों को अवैधानिक रूप से 110 बार ट्रेंकुलाइज किया गया, जबकि वन्य प्राणी संरक्षरण अधिनियम 1972 की धारा 11 में शेड्यूल 1 में चीता को ट्रेंकुलाइज करने के लिए मुख्य वन्य जीव वार्डन (सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू) की अनुमति अनिवार्य है। इसका उल्लंखन कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ और सिंह परियोजना के संचालक उत्तम शर्मा द्वारा किया गया। चीतों के स्वास्थ्य के साथ जानलेवा व्यवहार किया गया, जिसकी जांच जरूरी है। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने शिकायत में कूनो नेशनल पार्क के संचालक और डीएफओ उत्तम शर्मा को तत्काल हटाने और एसआईटी गठित कर गंभीर मामले की जांच करने की मांग की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि साउथ अफ्रीका के डॉक्टर ने कूनो को छोड़कर दूसरी जगह नौकरी शुरू कर दी है।

### चीता पवन की मौत में लापरवाही का आरोप

कूनो में कुछ दिन पहले मृत पाए गए चीता पवन की मॉनीटरिंग में भी लापरवाही सामने आई है। शिकायत में दावा किया गया है कि पवन को अनावश्यक रूप से ट्रेंकुलाइज किया गया है, जो उसके लिए घातक साबित हुआ। साथ ही यह भी संभावना जताई गई है कि अन्य मृत चीतों के साथ भी ऐसी लापरवाही बरती गई हो।

### पोस्टमार्टम प्रोटोकॉल का उल्लंघन

एनटीसीए से निर्धारित एसओपी के अनुसार मृत चीतों के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अनिवार्य होती है। आरोप है कि कूनों में इस प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया गया। इसके अलावा चीतों के शावकों में टिक्स (परजीवी) पाए जाने की सूचना मिली है, जो उनकी मॉनीटरिंग के दावों पर सवाल खड़े करती है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि कूनो में बड़ी संख्या में अनावश्यक रूप से चीतों के सैंपल लिए गए, लेकिन इनकी रिपोर्ट न तो एनटीसीए को भेजी और न ही मुख्य वाइल्ड लाइफ वॉर्डन को। इसमें भी कानून के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया।

## देपालपुर में 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का सपना अधूरा दिख रहा है

### कछुआ चाल से भी धीरे चल जल आवर्धन योजना का काम



**देपालपुर।** घर-घर जल पहुंचने की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन की जल आवर्धन योजना का काम कछुआ चाल से चल रहा है। गत 5 वर्षों से नगर की जनता गड्डो से परेशान है। एवं कष्ट भोग रहे हैं जल आवर्धन योजना का काम अंतिम दौर में आधे अधूरे काम के साथ चालू करने की कवायत की जा रही है। कई जगह रोड क्रॉसिंग के पाइप फूटे हुए हैं जहां मीटर लगे हैं अधिकतर स्थानों पर पानी निकल रहा है कई जगह नल कनेक्शन के पाइप रोड पर ऊपर ही दिखाई दे रहे हैं ।पाइपलाइन टेस्टिंग के नाम पर खोदे गए गड्ढे में कंक्रीट का कार्य भी नहीं किया गया है बेटमा नाके से लेकर ठाकुर पेट्रोल पंप तक पाइपलाइन टेस्टिंग का काम ही नहीं किया गया है एवं लोगों ने आज तक पानी के दर्शन नहीं किए हैं वर्ष भर में भी ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन टेस्टिंग का कार्य नहीं कर पाया। वैसे तो शासन की मंशा के अनुसार यह कार्य बहुत पहले कर दिया जाना था लेकिन निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार की लापरवाही के चलते नगर वासियों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने का सपना अधूरा दिख रहा है जल आवर्धन योजना को पूर्ण करने के लिए तारीख पर तारीख तारीख पर तारीख देकर जनता के साथ छलावा किया जा रहा है लेकिन योजना का कार्यअभी तक पूर्ण होता नहीं दिखाई दे रहा है

मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड परियोजना अंतर्गत ठेकेदार एंड्राइड एसोसिएटेड एजेंसी एवं एम आर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नगर की जल आवर्धन योजना को संचालित किया जा रहा है लेकिन घर-घर पानी देने की योजना दूर-दूर तक आशा की किरण दिखाई नहीं दे रही है कछुआ चाल से चल रहे इस कार्य से योजना कब मुहूर्त रूप लेगी आज भी नगर की जनता को इस बात का विश्वास नहीं हो रहा है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आधी अधूरी योजना पूर्ण बताकर वर्षों तक इसका काम चलता रहेगा क्योंकि नगर में अभी तक सभी वार्डों मे मी टर भी नहीं लगाए गए हैं इस अधूरी योजना को पूर्ण बढ़कर जनता के ऊपर थोपनै की तैयारी की जा रही है।

## अभाविप ने कॉलेज परिसर में रुकवाया सदस्यता अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री रणजीत हनुमान भाग द्वारा रूक्मादेवी पन्नालाल लढ्ढा माहेश्वरी महाविद्यालय में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। श्री रणजीत हनुमान भाग के मंत्री गौतम रत्नावत ने बताया कि अभाविप के संज्ञान में आया कि भाजपा द्वारा रूक्मादेवी पन्नालाल लढ्ढा माहेश्वरी महाविद्यालय में सदस्यता की जा रही है। इसका अभाविप द्वारा उग्र प्रदर्शन कर विरोध किया गया, जिसके पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता अभियान बंद कर दिया गया। इस ज्ञापन के बाद प्राचार्य महोदय ने सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी एवं भविष्य में दोबारा न होने का आश्वासन दिया। शिक्षा संस्थानों में शिक्षा क्षेत्र को राजनीतिक दलों से मुक्त रखा जाना चाहिए। राजनीतिक दलों का शिक्षा संस्थानों में प्रवेश वर्जित होना चाहिए। समस्त विद्यालय एवं महाविद्यालयों में केवल शिक्षा का माहौल होना चाहिए। महाविद्यालय परिसर में राजनीतिक माहौल से शांति, स्वास्थ्य, नैतिकता और अनुशासन का निर्माण करने वाले अन्य मूल्य बाधित हो रहे हैं। शिक्षा का मंदिर किसी भी राजनीतिक दल से प्रभावित न हो एवं विद्यार्थियों को पढ़ाई कर अपने उज्जवल भविष्य के लिए मेहनत करना चाहिए। ज्ञापन देते वक्त मुख्य रूप से रोहित मालवीय, सिमरन मिश्रा, पुनीत गुंजाल, तरुण चौहान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वदेसी इम्प्लांट किफायती होने के साथ ही दुनिया में बढ़ाएंगे भारत की साख

## सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुए प्री कांफ्रेंस कोर्स में देश-विदेश के एक्सपर्ट ने बताई इम्प्लांट की नई तकनीक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यदि आपके दांत पूरी तरह से खराब हो चुके हैं तो बत्तीसी लगाने के लिए बेहतर विकल्प डेंटल इम्प्लांट है। डेंटल इम्प्लांट मसूड़ों की हड्डी में डायरेक्ट लगाए जाते हैं और यह आपके नेचरल दांतों की तरह ही होते हैं। फिलहाल इम्प्लांट बनाने वाली ज्यादातर कंपनियां विदेशी है पर अब स्वदेशी इम्प्लांट भी बनाए जाने लगे हैं। इस कांफ्रेंस के जरिये हम सरकार और इम्प्लांट बनाने वाले कंपनियों के साथ मिलकर स्वदेशी इम्प्लांट को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह न सिर्फ किफायती होंगे बल्कि एक्सपोर्ट करने में भारत की साख को भी बढ़ाएंगे।**

यह जानकारी इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इंप्लांटोलॉजिस्ट्स की 30वीं नेशनल कांफ्रेंस के पूर्व सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुए प्री कांफ्रेंस कोर्स के दौरान आईएसओआई के प्रेसिडेंट डॉ शरत शेट्टी ने दी।

इम्प्लांट के फायदों के बारे में आईएसओआई सेक्रेटरी डॉ रिकिन गोगरी ने कहा कि बत्तीसी की तरह इम्प्लांट को बार-बार निकालने की जरूरत नहीं होती है। साथ ही इससे खाना अच्छी तरह चबाया जा सकता है, जिससे अन्य पेट संबंधी बीमारियों से भी बचाव होता है। कहा कि अमूमन हर व्यक्ति को डेंटल इम्प्लांट लगाया जा सकता है सिर्फ कैंसर, ऑटोइम्यून डिसिस या अनकंट्रोल डायबिटीज जैसी कुछ गंभीर बीमारियों के मरीजों में डेंटल इम्प्लांट नहीं करने की सलाह दी जाती है।

प्री कॉन्फ्रेंस चेयरमैन डॉ.आशीष गर्ग ने बताया कि प्री कांफ्रेंस कोर्स में इजिप्ट के डॉ. अब्देसलाम एलास्कारी ने ह्युद आर्ट एंड साइंस ऑफ द वेस्टीबुलर सॉकेट थेरेपी्ह पर लेक्चर दिया। इसमें उन्होंने अपने द्वारा विकसित की गई वीएसटी टेक्नोलॉजी पर भी बात की। डॉ. अब्देसलाम ने कहा कि विदेश में ओरल हेल्थ को लेकर काफी जागरूकता है। भारत में भी डॉक्टर्स काफी अच्छा काम कर रहे हैं। कई लोगों को डेंटल ट्रीटमेंट महंगा लग सकता है परंतु जब आपको गुणवत्ता चाहिए होती है तो उसके लिए थोड़े अधिक पैसे देने पड़ सकते हैं।

### नेशनल मीडिया फाउंडेशन नईदिल्ली की इंदौर इकाई की कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

## ओडिसा में होने वाली राष्ट्रीय समिति के आयोजन के फोल्डर का भी हुआ विमोचन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर--पत्रकारों के हित मे कार्य करने वाली संस्था 'नेशनल मीडिया फाउंडेशन नईदिल्ली की इंदौर इकाई की कार्यसमिति की बैठक अभिनव कला समाज ,गांधी हाल में सम्पन्न हुई.इस दौरान 9 से 11 नवंबर को उड़ीसा जगन्नाथ पुरी में होने वाले राष्ट्रीय मीडिया सेमिनार को लेकर भी चर्चा हुई जिसमे 15 राज्यो के 500 के करीब प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज'के पत्रकार व संस्था के संभागीय महासचिव सचिन नीमा ने बताया की इस दौरान कार्यक्रम के ब्रोशर का विमोचन भी किया गया व पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गयी। विमोचन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र जैन,स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल,अंजुम पारेख एडवोकेट, सुमित्रा पंवार, सिमरन जी,सीमा यादव,समीर पाठक आदि उपस्थित थे।

# बिजली कंपनी ने बकाया राशि होने पर विच्छेदित किए 8 हजार कनेक्शन

### अप्रिय कार्रवाई से बचने के लिए बिजली बिल राशि समय पर जमा करने का आग्रह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह के निर्देशन में बकाया राशि वसूली के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। गुरुवार को इंदौर, आगर, देवास, उज्जैन, धार, झाबुआ, शाजापुर समेत कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों में 8 हजार से ज्यादा कनेक्शन विच्छेदित किए गए। इंदौर जिले में ही तीन हजार से ज्यादा कनेक्शन काटे गए है, बिजली कंपनी ने बकाया राशि समय पर जमा कराने की अपील की है।



कंपनी ने कहा कि बकायादारों से बार-बार बिल राशि जमा करने को कहा गया था, समय निकलने के बाद भी राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई की गई हैं। कंपनी ने कहा कि नियत तिथि तक बिजली बिल बकाया राशि जमा नहीं करने पर अधिभार लगता है, साथ ही कनेक्शन काटने एवं पुनः जोड़ने की राशि भी वसूली जाती हैं, अतः उपभोक्ता अप्रिय कार्रवाई से बचने के लिए नियत तिथि या पूर्व बिजली बिल राशि जमा कराए।

कैशलेस भुगतान पर छूट भी- बिजली उपभोक्ता कैशलेस तरीके से पेटीएम, फोन पे, गुगल पे, अमेजन , एमपी ऑन लाइन, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड इत्यादि माध्यमों से बिजली बिल राशि जमा कर सकते है। प्रत्येक बिल पर कैशलेस प्रोत्साहन राशि नियामक आयोग के आदेशानुसार दी जाती है। गैर घरेलू निम्नदाब बिजली उपभोक्ता को 5 से 20 रूपए, घरेलू उपभोक्ता को 5 रूपए से बिल राशि की आधा प्रतिशत और उच्चदाब उपभोक्ता को 100 से 1000 रूपए प्रति बिल प्रति माह की छूट देय है।

## ढाई करोड़ पेड़ लगाने का लगाने का लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भगवान महावीर का 2550 वां निर्वाण महोत्सव दीपावली 2023 से 2024 तक अहिंसा वर्ष के रूप मे मनाया जा रहा है , इसी सन्दर्भ मे भगवान महावीर के उपदेशों के प्रचार प्रसार हेतु पावापुरी अहिंसा रथ का आगमन गुरुवार को छावनी जैन मन्दिर मे हुआ। इस अवसर पर जयसेन जैन , कैलाश वेद , जैनेश झांझरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक जैन समाज एवं भारत वासी के घर हरियाली मे खुशहाली के अन्तर्गत हर घर अहिंसा वाटिका अभियान द्वारा पूरे देश में ढाई करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है , इसी के अन्तर्गत इस वर्ष नेहरू स्टेडियम स्थित भगवान महावीर कीर्ति स्तंभ पर पौधा रोपण किया गया।

## पर्यावरण प्रदुषण जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लंग केयर फाउंडेशन, डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड केयर, टीबी एवं छाती रोग विभाग एवं ज्ञानपुष्प रिसर्च एवं चेरिटेबल फाउंडेशन समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा यशवंत राव होलकर अस्पताल ओ पी डी में विश्व पर्यावरण स्वास्थ दिवस पर एक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कार्यकारी डीन डॉ अशोक पंचोनिया ने किया। इस जागरूकता प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को पर्यावरण प्रदुषण के प्रति जागरूक करना था, इस प्रदर्शनी में विभिन्न पोस्टर्स के माध्यम में पर्यावरण प्रदुषण से होने वाली बीमारियों के विषय में जागरूक किया गया।

## मेट्रो कंपनी के स्टॉफ ने मनाया स्वच्छता ही सेवा अभियान, ली स्वच्छता की शपथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत इंदौर मेट्रो साइट पर कंपनी के अधिकारियो और कर्मचारियों ने सफाई की और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली।**

इस मोके पर अधिकारियों ने शपथ लेते हुए कहा कि सब मिलकर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हों और पर्यावरण और समाज को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि सारे स्टेशनों डिपो शाहिद ऑफिस सभी दूर स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। हमारे सारे कर्मचारी सफाई का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिलहाल हमारी तैयारी 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन 3 तक कमर्शियल रन शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसी पूरी उम्मीद है कि हम समय के अनुसार मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल बैंक शुरू कर देंगे। इंदौर भोपाल दोनों शहरों में कमर्शियल रामपत ग से काम चल रहा है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रत्येक स्टेशन पर दो एंट्री गेट और दो एग्जिट गेट, के अलावा दो एस्केलेटर, दो लिफ्ट और दो सीढ़ियां रखी गई है। मेट्रो कंपनी के भूमि से जुड़े मामलों को निपटने के लिए शीघ्र ही रिटायर्ड रेवेन्यू इंस्पेक्टर और पटवारी की जल्दी नियुक्ति की जा रही है।

# देपालपुर में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** जिसमें एचआईवी एड्स एवं टीबी सघन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम करवाया गया। उपस्थित मरीजों एवं नागरिकों को सीएचसी बेटमा काउंसलर श्रीमती ईशा देवले द्वारा एचआईवी एड्स एवं टीबी की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि एड्स चार कारणों से फैलता है। इसका बचाव ही उपचार है यह जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का अव्हान किया। इस अवसर पर टेंप्लेट भी बांटे गए। एचआईवी एड्स की जांच एवं काउंसलिंग के लिए सीएचसी पर एकीकृत एवं परामर्श एवम जांच केंद्र पर निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाता है कि जानकारी प्रेषित की गई।कार्यक्रम में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर श्री अभिलाष शिवरिया स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी आशा कार्यकर्ता मरीज एवं नागरिक उपस्थित थे।

# इंट्रैक्चुअल प्रापर्टी राइट्स पर कार्यशाला

**इंदौर।** श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान में 20-सितम्बर 2024 को इंट्रैक्चुअल प्रापर्टी राइट्स पर कार्यशाला का आयोजन संस्थान के गणित विभाग द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया गया जिसकी संयोजक डॉ. सरला चौहान थी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रोफेसर विजय रोडे डीन पी.पी.वंशोड ,प्रोफेसर स्मिता बर्मा एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. रचना नवलखे की उपस्थिति मे हुआ । मुख्य अतिथि आर. आर. केट इंदौर के प्रो. सी. पी. पाल ने आई.पी.आर. के विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला . दूसरे व्याख्यान मे डी.ए.वी.वी. की प्रो. निशा सिद्दकी ने कॉपीराइट के विभिन्न विंदुओ पर चर्चा की एवम तीसरे वक्ता प्रो. सुरेश पासवान ने पेटेंट क्या है किन किन क्षेत्रों में किया जाना चाहिए इत्यादी के संबध मे जानकारी दी गई कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक, छात्र ब अन्य कॉलेजों से आमंत्रित शिक्षक ब छात्र भी उपस्थित रहे ।

## बिजली कर्मियों को उच्च वेतनमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने करीब 20 कर्मचारियों, अधिकारियों को समय अवधि पूर्ण होने पर उच्च वेतनमान मंजूर किया है। इससे कार्मिकों के वेतन मे प्रतिमाह हजारों रूपए की वृद्धि होगी। लाभान्वित कार्मिकों में सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री, कार्यालय सहायक, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक आदि शामिल है। उच्च वेतनमान का पदोन्नति से कोई संबंध नहीं हैं।

# शादी का सूट पहनकर टाई से फांसी लगाई

## आत्महत्या से पहले वीडियो बनाया, पत्नी से चल रहा था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लि. (एनएचएआई की एक कंपनी) के एक अधिकारी ने गुरुवार रात सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले उसने अपनी शादी का सूट पहना और मोबाइल में वीडियो बनाए। सुसाइड से कुछ देर पहले ही वह उज्जैन स्थित ससुराल से लौटा था। घटना गुरुवार देर रात करीब 1.30 बजे की है। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम अनुराग (30) पिता बद्रीलाल धारसिया, निवासी स्कीम 78 है। पुलिस को परिवार ने बताया कि उज्जैन स्थित ससुराल से लौटने के बाद अनुराग सीधा अपने कमरे में गया। बहन का फोन आने पर हमने उसके कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका था।

अनुराग को फंदे से उतारने के बाद बड़े भाई अजय धारसिया एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। अजय ने बताया कि सुसाइड से पहले अनुराग ने शादी का सूट पहना। टाई से ही फंदा बनाया और उस पर लटक गया। सुसाइड से पहले अनुराग ने वीडियो भी बनाए थे।

### ऐसे पता चला सुसाइड का

सुसाइड से पहले अनुराग ने पत्नी तामश्री धारसिया से फोन पर बात की थी और कुछ गलत कदम उठाने के बारे में बताया था। पत्नी ने यह बात मुंबई में रहने वाली अपनी सहेली को बताई। सहेली ने अनुराग की बहन को कॉल किया और बहन ने पहले अनुराग फिर बड़े भाई अजय को फोन पर सूचना दी। अजय तत्काल अनुराग के कमरे में पहुंचा। दरवाजा तोडक़र अंदर गए तो अनुराग फंदे पर लटका था।

### पत्नी से चल रहा था विवाद

भाई अजय ने बताया कि शादी के बाद तामश्री एलएनसीटी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर बन गई। मई 2023 में अनुराग केदारनाथ गया तो पत्नी तामश्री भी उज्जैन चली गई। वह अपने पिता के साथ ही रह रही थी। और उसने वहीं प्ले स्कूल शुरू कर दिया था। अनुराग के बुलाने पर भी नहीं आई। इसके चलते अनुराग ने तामश्री को घर लाने के लिए दो दिन पहले 25 सितंबर लीगल नोटिस दिया था।

### नोटिस मिलते ही थाने पहुंची तामश्री

अजय ने बताया कि नोटिस मिलते ही तामश्री ने महिला थाने जाकर अनुराग की शिकायत कर दी। महिला थाने से अनुराग को फोन आया था। अजय ने आरोप लगाया कि पत्नी तामश्री का भाई गज्जू भी अनुराग को धमकियां दे रहा था। इसके बाद गुरुवार को अनुराग उज्जैन गया था। वह उज्जैन में किस से मिला इसके बारे में हमें नहीं बताया। लेकिन वहां से लौटते ही उसने फांसी लगा ली। अजय ने आरोप लगाया कि उसे पत्नी और ससुराल वालों ने प्रताडित किया इससे तनाव में आकर उसने यह कदम उठा लिया।

# स्कूल में तीन साल की बच्ची से गंदी हरकत

## पेरेंट्स का हंगामा; संदेही बस कर्मचारी पुलिस हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ इलाके के एबी रोड स्थित नामचीन स्कूल में तीन साल की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप स्कूल बस के कर्मचारी पर है। पीड़ित पिता ने बच्ची के जरिए संदेही कर्मचारी की पहचान की। इसके बाद अन्य पेरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे और गुरुवार को मैनेजमेंट के सामने जमकर हंगामा किया। पुलिस भी आ गई और पिता की शिकायत के बाद संदेही स्कूल बस कर्मचारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।**

दरअसल स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने अपने साथ हो रही छेड़छाड़ को इशारों के जरिए पिता को बताया। पिता समझ गए कि कोई गड़बड़ हुई है। इस पर उन्होंने छेड़छाड़ करने वाले की पहचान बच्चे के सामने कराई तो उसने उसे पहचान कर बताया। इसके बाद स्कूल के नर्सरी क्लास के वॉट्सऐप ग्रुप पर पेरेंट्स ने स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। देर रात तक ग्रुप पर बहस चलती रही। गुरुवार को पेरेंट्स एक साथ स्कूल भी पहुंच गए और संदेही आरोपी को सामने लाने की मांग की। हंगामे की सूचना पर राऊ पुलिस भी पहुंच गई। समझाइश के बाद स्कूल मैनेजमेंट ने संदेही का सामना पेरेंट्स से कराया। पेरेंट्स के स्कूल पहुंचने पर स्कूल मैनेजमेंट बचाव की मुद्रा में आ गया। उसने



पेरेंट्स को मेल स्टाफ पर लगाई जाने वाली पाबंदियों की जानकारी दी। ये भी कहा कि छोटी क्लासेस में मेल स्टाफ बिल्कुल नहीं जाएगा। पूरे स्कूल का सर्वे कराया जाएगा। बावजूद, पेरेंट्स सुरक्षा को लेकर अपनी आपत्ति जताते रहे। इसका वीडियो भी पेरेंट्स ने बनाकर सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। इस दौरान संदेही कर्मचारी को पेरेंट्स ने सामने बुलाकर कबूलनामा कराने की मांग की। कुछ देर हंगामे के बाद कर्मचारी को सबके सामने बुलाया गया और सवाल पूछे गए। वह कहता रहा कि मुझे गोली मार दो..। वह आरोप नकारता रहा। बाद में पुलिस पहुंची और कर्मचारी को अपने साथ ले गए। पीड़िता के पिता ने जानकारी दी कि मेरी बच्ची ने खुद उसके साथ हरकत करने वाले को पहचान लिया है। इतनी छोटी बच्ची मुझसे झूठ क्यों बोलेगी?

# पिता ने बेटे को कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आपसी विवाद के चलते पिता के घर पर आए बेटे के साथ जमकर मारपीट कर घयल कर दिया। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक एक बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज करवाया है। पारिवारिक विवाद के कारण वे दोनों अलग रहते हैं। पुलिस ने आकाश वाघ निवासी लालबाग लाइन की शिकायत पर उसके पिता मुकेश बाघ निवासी ट्रांसपोर्ट नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आकाश ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उसके पिता मुकेश ट्रांसपोर्ट नगर में रहते हैं। उन्होंने फोन करके उसे बुलया था। वह जब उनसे मिलने पहुंचा तो पिता ने विवाद किया और हाथ मुक्कों से मारपीट कर दी। इसके बाद घर में रखी लोहे की राड से हमला कर घायल कर दिया। वह जैसे तैसे वहां से बचकर भागा और थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज करवाया।

# भागवत कथा में चेन स्नेचिंग करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

## 3 लाख रुपए की 2 सोने की चेन की बरामद

### धार्मिक आयोजनो मे आयी वृद्ध महिलाओं को निशाना बनाती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भागवत कथा सहित अन्य आयोजनों में मौका पाकर चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाली तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। इनके पास से तीन सोने की चेन भी बरामद की गई है। आरोपी महिलाएं धार्मिक आयोजनों में आने वाली वृद्ध महिलाओं को अपना निशाना बनाती थीं।

पुलिस के अनुसार बुधवार को फरियादी धर्मेन्द्र सिंह जाधव पिता नाहर सिंह जाधव उम्र 38 निवासी पिगडम्बर ने थाना आकर रिपोर्ट कि 25 सितंबर को करीब साढ़े तीन बजे भागवत कथा सुनने गयी मेरी काकी सास के गले मे कोई अज्ञात बदमाश व्यक्ति दो सोने की चेन झपट कर ले भगा। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना किशनगंज पर अपराध क्रमांक 750/2024 धारा 304 बी.एन.एस. का पंजीबध्द किया गया।

आपराधियो की गिरफ्तारी व संपत्ति की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी किशनगंज कुलदीप खत्री द्वारा संपत्ति संबंधित अपराधो मे आरोपियो की धर-पकड करने हेतु पुलिस टीम की गठन किया गया। टीम द्वारा बुधवार को मुखबिर सूचना पर से तीन महिलाओ को पकडा। तीनो से सख्ती से पुछताछ की तो कबूल किया कि 25 सितंबर को राजपुत धर्मशाला पिगडम्बर से सोने की दो चैन चोरी (स्नेचिंग) करना स्वीकार किया। तथा आरोपियो से तीन लाख रुपए की दो सोने की चेन जप्त की गई।

आरोपी महिलाएं राजपुत धर्मशाला पिगडम्बर मे भागवत कथा के दौरान दो सोने की चेन झपट कर भाग गयी थीं। बताया जा रहा है कि उक्त महिलाएं धार्मिक आयोजनो के दौरान सोने के सामान की झपटमारी कर वहा से भाग जाती है। तीन महिला आरोपिया के कब्जे से चोरी गयी दो सोने की चैन कीमती 3 लाख रुपए की जप्त की गयी। इस खुलासे में निरी. कुलदीप खत्री, सउनि. महेन्द्र सिंह गौतम, सउनि. सुरेश कुमार यादव, सउनि. कृष्णा जादौन व आर रोशनी की सराहनीय भूमिका रही।

# मोबाइल को लेकर मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मोबाइल गिरवी रखने की बात पर हुए विवाद में आरोपियों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाद ग्राम भांगिया में हुआ। फरियादी सतीश पिता महेश चौहान निवासी ग्राम भांगिया की रिपोर्ट पर हीरानगर पुलिस ने आरोपी रीतू पिता जीवन और शेखर भांगिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी आए और मोबाइल फोन गिरवी रखने की बात को लेकर गालियां देने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने लात घूसों से पीट दिया। शेखर ने हाथ में पहने कड़े से सिर पर मारा जिससे खून निकलने लगा।

# दस हजार का इनामी आरोपी पकड़ाया

## चरस तस्करी के मामले में था फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने दस हजार के इनामी मादक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी इमरान कुरैशी करीब पांच माह पूर्व पकड़ाए 5 किलो चरस के आरोप में फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस की ओर से 10 हजार का इनाम घोषित था।**

थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बुधवार रात बताया कि करीब पांच माह पहले पुलिस ने दबिश दे कर 5 किलो चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी गई थी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि उन्हें इमरान कुरैशी निवासी सोनकच्छ ने माल पहुंचाने के लिए दिया था। तभी से पुलिस इमरान कुरैशी की तलाश में जुटी हुई थी।

इमरान पर एसपी धार ने दस हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस की कई टीम फरार को तलाशने में इसके छुपने के कई ठिकानों पर छापामारी कर रही थी। शातिर हर बार अपना ठिकाना बदल लेता था। पुलिस ने इमरान को सोनकच्छ से गिरफ्तार किया। जिसे आज धार न्यायलय में पेश किया जायेगा। फरार आरोपी को पकडऩे में मुख्य रूप से थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, उप निरीक्षक, चांदनी सेंगर, सहायक उपनिरीक्षक के के परिहार, प्रधान आरक्षक सूरज तिवारी, महेश यादव, मनीष चौहान, प्रमोद बामनिया, पवन, अमलियार, विशाल, राहुल मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सूरत में मिले लापता भाई-बहन

## मजदूर के लापता बच्चों को तलाशने पुलिस ने की जांच तो मिली सफलता

**इंदौर। तिलक नगर इलाके में रहने वाले मजदूर के मासूम बच्चे अचानक लापता हो गए। पुलिस को शिकायत बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज से मासूम भाई-बहन की तलाश शुरु की,जांच में पता चला कि उनका रिश्तदार सूरत में रहता है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो बच्चे मिल गए। उन्हे इंदौर लाकर माता-पिता को सौंपा**

24 सितंबर को महेश बड़िया पिता लक्ष्मण निवासी 18 शालीमार पार्क पिपलियाहाना स्थाई पता ब्रह्माकुंडी जिला धार ने रिपोर्ट किया कि वह शालीमार पार्क में चौकीदारी का काम करता है एवं मजदूरी भी करता है। उसके 12 साल का एक बेटा हितेंद्र एवं 8 साल की बालिका घर से बिना बताए कहीं चले गए है । सभी जगह तलाश करने के बाद नहीं मिलने पर मिले नहीं



है। इसके बाद तिलक नगर पुलिस ने केस दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालक एवं बालिकाओं की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरु किया। शालीमार पार्क के कैमरे चेक करने पर सुबह 11.10 पर दोनों बालक बालिकां गेट से बाहर जाते हुए दिखाई दिए।

इनका रूट ट्रैक करते हुए इंदौर रेलवे स्टेशन तक देखा जिसमें ज्ञात हुआ कि अवंतिका एक्सप्रेस में दोनों बच्चे बैठे हैं । पूछताछ में पता चला कि परिजनों का जमाई सूरत में रहता है दोनों बच्चो की सूरत जाने की संभावना होने से तत्काल टीम को सूरत रवाना किया एवं सूरत रेलवे स्टेशन पर फुटेज एवं आरपीएफ की सहायता से दोनों बालक बालिकाओं को सकुशल ढूंढ कर तिलक नगर थाने लेकर आए एवं परिजनों के जिम्मे किया । बच्चो ने पूछताछ मे बताया की उनके जीजाजी सूरत मे रहते है और वे सूरत शहर की बातें करते थे जिससे बालक हितेन्द्र की सूरत शहर घूमने की इच्छा हुई और अपनी 8 साल की बहन को लेकर बिना पैसों के वह सूरत के लिए निकल गया था।

# 5 साल की बच्ची से रेप गला घोंटकर हत्या

## भोपाल में बंद फ्लैट में मिली लाश, 3 दिन से थी लापता; आरोपी के साथ मां-बहन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)।** भोपाल में 3 दिन से लापता 5 साल बच्ची के शव मिलने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बच्ची की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की गई थी। उसका शव उसी की मल्टी में एक बंद फ्लैट में मिला। पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी मां और बहन को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शाहजहानाबाद थाना क्षेत्र का है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि आरोपी का नाम अतुल है। उसने बच्ची को अगवा किया। रेप के बाद गला घोंट दिया। इसके बाद शव पानी की टंकी में छिपा दिया। गुरुवार दोपहर को बच्ची का शव बरामद किया गया। आरोपी अतुल की मां बंसती और बहन चंचल को भी आरोपी बनाया है। मां और बहन ने घटना को छिपाने का प्रयास किया। पुलिस ने जांच के लिए एसआईटी बनाई है।

**फॉगिंग के दौरान बच्ची को फ्लैट में खींचा-** बच्ची से रेप-मर्डर के आरोपी अतुल के खिलाफ खरगोन में पहले से छेड़खानी, चोरी जैसे 6 अपराध दर्ज हैं। पत्नी दो साल से अलग रह रही है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि फॉगिंग के दौरान हुए धुएं का फायदा उठाते हुए उसने बच्ची का मुंह बंद कर अपने फ्लैट में खींच लिया। रेप के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या की। एक दिन तक शव कमरे में बिस्तर के बीच छिपाकर रखा। मक्खियां होने लगीं, तो बॉडी को पानी की टंकी में डाल आया।

### परिजनों के साथ बच्ची को तलाशता रहा आरोपी

पुलिस ने बताया कि किसी को शक न हो, इसलिए आरोपी बच्ची के परिजनों के साथ उसे तलाशने का नाटक करता रहा। उनके साथ रहकर पुलिस की एक्टिविटी पर भी नजरें रखे रहा। जब उसे यकीन हो गया कि वह बच नहीं पाएगा, तो अपने फ्लैट का ताला लगाकर फरार हो गया। सर्च कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मां और बहन ने दिया अपराध में आरोपी का साथ

आरोपी की मां बसंती बाई और बहन चंचल को घटना की जानकारी पहले ही दिन से थी। आरोपी ने उन्हें बता दिया था कि शव घर में छिपा रखा है। इसके बाद भी उन्होंने पुलिस को सूचना नहीं दी। बच्ची के परिजनों के लगातार संपर्क में रहकर हर गतिविधि पर नजरें रखी रहीं।

### बच्ची की दादी के घर से हिरासत में ली गईं मां और बेटी

पुलिस ने बताया किसी को शक न हो, इसलिए आरोपी मां-बेटी गुरुवार सुबह 10 बजे बच्ची की दादी के घर पहुंच गई थीं। यहां से ही उन्हें हिरासत में लिया गया। इस बीच बच्ची के पड़ोस में रहने वाली महिला को मां-बेटी के फ्लैट से बदबू आई। उनकी जानकारी पर पुलिस ने फ्लैट में सर्च किया तो किचन के सिंक के नजदीक रखी प्लास्टिक के बड़े वाटर टैंक से बच्ची की बॉडी बरामद की गई।

### स्थानीय लोगों ने घेरा था थाना

बच्ची का शव गुरुवार को मिला था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। गुस्साई भीड़ ने टीबी हॉस्पिटल रोड पर चक्काजाम कर दिया था। थाने के सामने नारेबाजी कर धरना दिया। वे बच्ची की हत्या के आरोपियों को फांसी दिए जाने की मांग कर रहे थे। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने सीएम हाउस का घेराव करने की चेतावनी दी थी। तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस के मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

# महिला को छेड़ा, विरोध किया तो थप्पड़ मारे

## गालियां दीं, बाल पकड़कर खींचा, पत्थर पर सिर पटकने की कोशिश की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर, (एजेंसी)।** नरसिंहपुर में युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला को बाल पकड़कर खींचा। थप्पड़ मारे। उसका सिर पत्थर पर पटकने की कोशिश की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी भाग निकला। मामला गाडरवारा में मंगलवार का है। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया।

35 वर्षीय पीड़िता एक ढाबे पर काम करती है। आरोपी ने यहीं घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि जिस ढाबे पर वह काम करती है, उसी के पास रहने वाला लकी कोरी उस पर गंदी नजर रखता है। अक्सर उसका रास्ता रोककर अश्लील बातें करता है।

### साथ काम करने वाले लोगों ने बचाया

महिला ने बताया कि वह 24 सितंबर को दोपहर 3 बजे ढाबे में खाना बना रही थी। इसी बीच लकी वहां आया। उससे अनचाही बातचीत करने की कोशिश की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर बदतमीजी की। महिला ने उसे दूर किया तो गालियां देने लगा। थप्पड़ मारकर उसके बाल खींचे। शोर सुनकर ढाबे पर ही काम करने वाले रामभरोसे और दुर्गेश नौरिया वहां पहुंचे। युवक से महिला को छुड़ाया। महिला ने मंगलवार शाम को ही गाडरवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। ढाबे के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज घटना के फुटेज भी सौंपे। इसमें आरोपी महिला के साथ मारपीट करता दिख रहा है।

### आरोपी की तलाश में पुलिस पार्टी भेजी

गाडरवारा एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में पुलिस पार्टी भेजी गई है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# परीक्षा देने गया छात्र लापता, परिजन परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** मायापुरी में रहने वाला एक छात्र लापता हो गया। स्कूल में परीक्षा देने गया था लेकिन घर नहीं लौटा। छात्र के पिता ने बताया कि उनका बेटा जालसेवा निकेतन में कक्षा 9 वीं का छात्र है। वह 24 सितंबर को सुबह 9 बजे परीक्षा देने गया था लेकिन दोपहर 1 बजे नही लौटा तो परिजनो ने सभी दूर तलाश करने के बाद चिमनगंज मंडी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। छात्र की साइकिल रेलवे स्टेशन पर मिली है। परिजनों के पास नंबर से कॉल भी आए हैं। हालांकि छात्र से उनकी बात नहीं हो सकी है। पिता के मुताबिक उनके बेटे का कक्षा छठी में पढने वाले छात्र से विवाद हुआ था। इसके बाद एक शिक्षक ने उन्हें स्कूल बुलाया था। संभवतः स्कूल से बर्खास्त होने के डर से छात्र घर छोड़ कर चला गया है।

# बिजनेसमैन के 24 लाख दोस्तों ने हड़पे, जान दी

## दोस्त को कॉल कर कहा- मुझे धोखा मिला...मैंने जहर खा लिया, बचा लो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झांसी, (एजेंसी)। दोस्त, मुझे धोखा मिला। दोस्तों ने ही मेरे 24 लाख हड़प लिए। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा। जहर खा लिया है...कार में बैठा हूं। आकर मुझे बचा लो।**

मौत से पहले यह आखिरी कॉल झांसी के युवा कारोबारी मोहित मिश्रा की थी, जो उसने अपने दोस्त निशांत को की थी। उसकी कार बरुआसागर के पास मिली। ड्राइविंग सीट पर मोहित बैठा था। उसने जहर खा लिया था। मेडिकल कॉलेज ले जाने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पर परिवार से बातचीत के बाद समझ में आया कि मोहित मिश्रा (24) ने 2 दोस्तों के साथ मिलकर 1 करोड़ की प्रॉपर्टी खरीदी थी। इसके लिए 24 लाख रुपए दे चुका था। मगर, दोस्तों ने एग्रीमेंट में उसे पार्टनर नहीं बनाया। दोस्तों की दगाबाजी से युवा कारोबारी डिप्रेशन में चला गया था। मोहित झांसी में बरुआसागर का रहने वाला था। मध्य प्रदेश के निवाड़ी में बुंदेलखंड इलेक्ट्रॉनिक के नाम से उसका बड़ा शोरूम है। शोरूम पर मोहित अपने पिता सतीश के साथ बैठता था। दोनों बरुआसागर से अप-डाउन करते थे। बुधवार को मोहित कार लेकर झांसी के लिए निकला।

उसके दोस्त निशांक ने कहा- दोपहर लगभग 3 बजे मोहित का मेरे पास फोन आया। बोला कि बरुआसागर पेट्रोल पंप के पास हूं। जहर खा लिया है, बचा लो...। इसके बाद मोहित ने नंबर बंद कर लिया। मैं एक युवक को लेकर ढूंढते हुए बरुआसागर पहुंचा। वहां पंप के पास उसकी कार नजर आई। कार का गेट खुला था और अउ चल रही थी। मोहित उल्टी कर रहा था। जब हमने उसे कार से ले जाना चाहा तो उसमें पेट्रोल नहीं था। पंप से पेट्रोल लाकर मोहित को मेडिकल कॉलेज में लाए। यहां इलाज के दौरान गुरुवार को मोहित की मौत हो गई।

### फूफा बोले- हो सकता है कि खिलाया गया हो

मोहित के फूफा वीरेंद्र ने कहा- उसने अपने दो दोस्तों के साथ झांसी में प्रॉपर्टी खरीदी थी। दोस्तों को वह 24 लाख रुपए दे चुका था। लेकिन, जब एग्रीमेंट हुआ तो मोहित को उसमें पार्टनर नहीं बनाया गया। बल्कि उससे और पैसों की डिमांड की जाने लगी। इसी बात से मोहित डिप्रेशन में चल रहा था। अब उसने खुद जहर खाया या किसी ने खिलाया। ये पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई करे।

## पटरी पर डेटोनेटर लगाने वाले को आरपीएफ डॉग ने पकड़ा

**खंडवा।** खंडवा-मंबई रेलवे ट्रैक पर 10 डेटोनेटर रखने के आरोप में गिरफ्तार रेलवे कर्मचारी साबिर ने ऐसा क्यों किया था? तीन दिन की रिमांड के दौरान साबिर ने आरपीएफ को बताया कि उसने सेक्शन इंजीनियर को फंसाने के लिए डेटोनेटर चुराए थे। मगर आरपीएफ को साबिर की बात पर यकीन नहीं है, क्योंकि वह खंडवा की गुलमोहर कॉलोनी का रहने वाला है। ये इलाका प्रतिबंधित संगठन सिमी का गढ़ कहा जाता है। अब आरपीएफ नए सिरे से उससे पूछताछ करेंगी।

साबिर को 25 सितंबर को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की रिमांड बढ़ाने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। दूसरी तरफ साबिर की गिरफ्तारी की कहानी भी दिलचस्प है। उसे यकीन था कि वह पकड़ा नहीं जाएगा मगर आरपीएफ डॉग जेम्स की वजह से पकड़ में आ गया। ये किसी की साजिश थी या शरारत। मगर ऐसा करने वाला शख्स कौन था, ये पता लगाना मुश्किल था। घटनास्थल पर न तो कोई सीसीटीवी लगा था और न ही कोई प्रत्यक्षदर्शी। इसका पता लगाने के लिए आरपीएफ ने भुसावल से विशेष प्रशिक्षित डॉग "जेम्स" की मदद ली। वारदात स्थल पर जेम्स को लाकर छोड़ा गया। वह वहां से 12 किमी चलकर डोंगरगांव पहुंचा।

# दिनदहाड़े युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा जं. (निप्र)। जवाहर मार्ग स्थित व्यस्ततम मार्ग पर शाम पौने पांच बजे के करीब तीन अज्ञात लोगों ने एक युवक की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या कर दी ।वारदात को अंजाम देनेवाले ने इतनी फुर्ती से घटना को अंजाम दिया की कोई कुछ समझ ही नही पाया की माजरा क्या है ।**

घटना जवाहर मार्ग क्षेत्र स्थित सुहाग फर्नीचर की दुकानें के सामने बीच सड़क की है। मृतक का नाम महेश पिता राजू वर्मा निवासी प्रकाश टॉकीज के पीछे का रहने वाला है । घटना में घायल युवक को कुछ युवक मोटर सायकल से तत्काल निजी जन्मेजय हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उक्त युवक को मृत घोषित कर दिया ,जो जानकारी मिली के मुताबिक आरोपी ने महेश वर्मा के गले पर सबसे पहली चाकू से वार किया जिसके चले वह सड़क पर गिर गया । आरोपी उसे बेल्ट से तबतक मारते रहे जब तक वह मर नही गया । बताते है की मारने वाले किसी चाय की दुकान पर काम करते हैं । गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे जवाहर मार्ग पर हिस्ट्रीशीटर महेश पिता राजु बरगुंडा निवासी प्रकाश टॉकीज की गली की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महेश जवाहर मार्ग पर पैदल जा रहा था कि आरोपी पीछे से आए और ताबड़तोड चाकुओं से हमला करना शुरू कर दिया। महेश के गले पर एक से अधिक चाकू लगे से वह घटनास्थल पर गश खाकर गिर गया था।

## संपादकीय

# दो विपरीत धारणाएं

जम्मू-कश्मीर पर स्वाभाविक रूप से दुनिया की नजर रहती है। पाकिस्तान इस इलाके को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी के बारे में गलतबयानी करता रहता है, वहां आतंकवाद फैलाने में जुटा हुआ है। हालांकि, ऐसी गतिविधियों में अपना कोई हाथ होने से भी वह लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन उसकी कारगुजारियां जगजाहिर हैं। दूसरी ओर, भारत सरकार ने वहां आतंकवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया है और अब जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में लोग काफी उत्साह से मतदान कर रहे हैं। दूसरे चरण के मतदान के दौरान घाटी में विभिन्न देशों के वरिष्ठ राजनयिकों का दौरा हुआ है। उन लोगों ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर लोगों से बात की। मतदान के दौरान विदेश मंत्रालय ने दिल्ली स्थित दूतावासों में कार्यरत राजनयिकों के लिए घाटी की यात्रा आयोजित की। इसके पीछे तर्क दिया गया कि इससे विभिन्न देशों तक जम्मू-कश्मीर के हालात की असल जानकारी पहुंच सकेगी। पहले चरण में मतदाताओं का काफी उत्साह दिखा। दूसरे चरण में भी मतदान के आंकड़े उत्साहजनक रहे। हालांकि, राजनयिकों की इस यात्रा पर विपक्षी दलों ने एतराज जताया है। नैशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला ने तल्ख लहजे में कहा कि हमें इन राजनयिकों के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार विदेशी पत्रकारों को घाटी में आने की इजाजत नहीं देती, तो राजनयिकों को यहां लाकर आखिर क्या साबित करना चाहती है। दरअसल, अनुच्छेद 370 हटने और केंद्र शासित राज्य बनने के बाद घाटी में पैदा हुए हालात को लेकर दो विपरीत धारणाएं फैलाई जाती रही हैं। केंद्र सरकार का दावा है कि विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के बाद घाटी में स्थिति बेहतर हुई है, जबकि विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि वहां हालात ठीक नहीं हैं। आतंकी घटनाओं और सुरक्षा बलों पर हमले बढऩे को लेकर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। इन सबके बावजूद विधानसभा चुनाव में लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करते देखे जा रहे हैं। पहले चरण में साठ फीसद से अधिक मतदान हुआ। दूसरे चरण में भी खूब उत्साह देखा जा रहा है। ऐसे में, केंद्र सरकार खुलकर कह सकती है कि विशेष राज्य का दर्जा हटाने का उसका फैसला गलत नहीं था और लोग उससे खुश हैं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद, करीब चार वर्ष पहले भी यूरोपीय संसद के सदस्यों को घाटी में ले जाया गया था। तब भी सवाल उठाए गए थे। तब सरकार ने कहा था कि वह यात्रा एक स्वयंसेवी संगठन ने आयोजित की थी। पिछले महीने भी अमेरिका और जर्मनी के राजनयिकों को जम्मू-कश्मीर की यात्रा कराई गई थी। दरअसल, जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद पर जब भी किसी देश ने मध्यस्थता की बात उठाई, भारत सरकार ने हमेशा उसे ठुकराया है। भारत सरकार का रुख रहा है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। इस नीति के हवाले से राजनयिकों के दौरे पर सवाल उठ रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि कहीं कश्मीर को लेकर फिर मध्यस्थता के लिए दबाव का सामना न करना पड़े। हालांकि, सरकार आश्वस्त है कि ऐसी नौबत नहीं आएगी और कूटनीतिक मंचों पर पाकिस्तान के तर्कों हमेशा की तरह कमजोर किया जा सकेगा। बहरहाल, समूची कवायद में यह स्वागत योग्य है कि वहां लोकतंत्र की ताकत दिखी और इससे विदेशी राजनयिक भी रूबरू हुए।

## अर्ज किया है..!

*तिरा वजूद गवाही है*
*मेरे होने की*
*मैं अपनी ज़ात से इंकार*
*किस तरह करता*

– फ़रहत शहज़ाद

## OSHO कहिन



**कोई आदमी चाहे लाखों चीजें जान ले, चाहे वह पूरे संसार को जान ले, मगर वह खुद को नहीं जानता है तो वह अज्ञानी है।**

## महिला जगत

# ज्योति याराजी के संघर्षों की कहानी, जानिए कैसे बनीं देश की सबसे तेज महिला हर्डलर






भारत की सबसे तेज महिला हर्डलर का खिताब ज्योति याराजी के नाम है। ज्योति याराजी भारतीय स्प्रिंटर हैं, जिन्होंने महिलाओं की 100 मीटर हर्डल रेस में इतिहास रचा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतिष्प्रर्दा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत कर अपने नाम एक बड़ी सफलता हासिल की है।

हालांकि ज्योति याराजी की उपलब्धियों और सफलता के पीछे कठिन दौर और कड़ा परिश्रम भी है। राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़कर देश का मान बढ़ाने वाली ज्योति याराजी का बचपन अभावों में गुजरा। आर्थिक तंगी भी उनके बुलंद हौंसलों को कमजोर नहीं कर पाई। आइए जानते हैं ज्योति याराजी के जीवन संघर्षों के बारे में, जिसे पार कर उन्होंने ऊंची उड़ान भरी और देश की सबसे तेज महिला हर्डलर बन गईं।

### ज्योति याराजी का जीवन परिचय

ज्योति याराजी का जन्म आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में 28 अगस्त 1999 को हुआ था। उनके पिता का नाम सूर्यनारायण है जो कि एक प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करते हैं। वहीं ज्योति की मां कुमारी अस्पताल में क्लीनर के रूप में काम करती हैं, साथ ही घरेलू सहायिका का काम भी करती हैं।

### ज्योति याराजी की शिक्षा और ट्रेनिंग

परिवार की आय लगभग 18 हजार रुपये से कम हुआ करती थी। इन पैसों से घर की जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई होनी थी। लेकिन ज्योति ने बचपन से ही अपनी मंजिल तलाश करनी शुरू कर दी थी।

वह विराज के पोर्ट हाई स्कूल कृष्णा में पढ़ती थीं, जब उनके फिजिकल एजुकेशन टीचर ने ज्योति के टैलेंट को पहचाना और महसूस किया कि वह एक हर्डलर बन सकती हैं। उनकी ट्रेनिंग शुरू हो गई, माता पिता ने भी ज्योति का साथ दिया। हालांकि ज्योति ने पढ़ाई भी जारी रखी और आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय से बीए इतिहास की पढ़ाई की।

### ज्योति याराजी का करियर

ज्योति याराजी ने वर्ष 2015 में आंध्र प्रदेश इंटर डिस्ट्रिक्ट मीट में स्वर्ण पदक जीता, जिससे वह सुर्खियों में आ गईं। ज्योति ने हैदराबाद में रहकर ओलंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच एन रमेश और भुवनेश्वर में ब्रिटिश कोच जेम्स हिलियर से ट्रेनिंग ली।

### ज्योति की उपलब्धि

2020 में ज्योति याराजी ने कर्नाटक के मूडबिद्री में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एक और स्वर्ण हासिल किया।

पहले कोविड 19 महामारी और फिर पीठ की चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। बाद में 2022 में उन्होंने भुवनेश्वर में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मीट में 13.7 सेकेंड समय में रेस को पूरा किया। मई में ज्योति ने लिमासोल में साइप्रस इंटरनेशनल एथलेटिक्स मीट से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की और महिलाओं की 100 मीटर हर्डल रेस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

Maharashtra/Gujrat

# देश के आठ राज्य बारिश से बेहाल, मुंबई में छह की मौत, मानसून वापसी में देरी के आसार

**मुंबई/गांधीनगर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र, गुजरात समेत देश के आठ राज्यों के कई हिस्से भारी बारिश से बेहाल रहे। गुजरात में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी से बेहद बारिश दर्ज की गई। वहीं, 110 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाओं के कारण 300 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए और कई जगह बिजली के खंभे भी गिर गए। उधर, वाणिज्यक राजधानी मुंबई में बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण छह लोगों की जान चली गई। महाराष्ट्र में मौसम इतना खराब रहा है कि पुणे में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को ही रद करना पड़ा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, सूरत, वडोदरा और अहमदाबाद में कई



हिस्सों में भारी बारिश हुई। सूरत और वडोदरा में 3 इंच के कारण बारिश दर्ज की गई। अहमदाबाद में भी भारी बारिश के कारण जनजीवन बाधित रहा। हालांकि, यहां पर बारिश की तीव्रता इतनी अधिक नहीं थी। तेज हवाओं से खंभे गिरने की वजह से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

मुंबई में बुधवार देर शाम भारी बारिश के कारण बृहस्पतिवार को भी यातायात बुरी तरह बाधित हो गया। कई लोकल ट्रेनें नहीं चलीं और 14 उड़ानों को भी डायवर्ट करना पड़ा। हालांकि, बृहस्पतिवार को दिन में अधिकांश हिस्सों में बारिश थम गई लेकिन मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए स्कूल, कॉलेज बंद रखे गए। आसपास के जिलों ठाणे, पालघर, पुणे और रायगढ़ में भी यही स्थिति रही।

Uttarakhand

# भाग रहे बदमाशों ने की पुलिस पर की फायरिंग, एनकाउंटर के बाद 2 गिरफ्तार



**उधम सिंह नगर, (एजेंसी) उधम सिंह नगर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर एनकाउंटर के दौरान दो बदमाशों को घायल कर अपनी गिरफ्त में ले लिया है. इसमें पहला बदमाश दिलशाद पुलिस मुठभेड़ में जसपुर से दबोचा गया, तो वहीं देर रात दूसरा फरार बदमाश साजिद उर्फ कल्लन को कुंडा पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ लिया. एसएसपी ने बदमाश से जाकर हॉस्पिटल में पूछताछ की.**

जसपुर थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस के साथ दो बदमाशों की मुठभेड़ हुई थी. इसके बाद जहां एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया था, तो वहीं उसका साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया. देर रात कुंडा थाना क्षेत्र के बेंतवाला गांव के पास दूसरे बदमाश की अपने दोस्त के साथ कहीं जाने की सूचना पुलिस को मिली.

इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी. इस दौरान अपने आप को पुलिस से घिरता देख दूसरे बदमाश साजिद उर्फ कल्लन ने पुलिस पर गोली चला दी. इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चालाई, जो कल्लन को लग गई. इससे वह घायल हो गया. इसके बाद पुलिस घायल बदमाश को काशीपुर के एलडी भट्ट राजकीय इस्पताल ले गई. यहां प्राथमिक उपचार के बाद साजिद उर्फ कल्लन को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया.

Uttarpradesh

# स्कूल की तरक्की के लिए बच्चे की बलि दी, हाथरस में प्रबंधक के पिता की हैवानियत

**हाथरस, (एजेंसी)** हाथरस में अपने आवासीय स्कूल की तरक्की के लिए बीते रविवार प्रबंधक व उसके तांत्रिक पिता ने मानवता को शर्मसार करते हुए कक्षा दो के छात्र की बलि दी थी। गुरुवार को पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए प्रबंधक, उसके तांत्रिक पिता समेत पांच लोगों को जेल भेज दिया।

कोतवाली सहपऊ क्षेत्र के गांव रसगंवा में संचालित डीएल पब्लिक स्कूल के आवासीय स्कूल में कक्षा दो के छात्र 11 वर्षीय कृतार्थ कुशवाहा निवासी तुरसैन की गला दबाकर हत्या का खुलासा करते हुए सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया है कि स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल का पिता जशोधन सिंह तांत्रिक क्रिया करता है।

स्कूल प्रबंधक ने स्कूल की तरक्की के लिए पिता के साथ मिलकर बच्चे की बलि देने का प्लान तैयार किया। बीते रविवार की रात को स्कूल के अंदर बने हॉल में सो रहे छात्र कृतार्थ की बलि चढ़ा दी।

Uttarpradesh

# यूपी में नई पार्किंग पॉलिसी, सड़कों पर रातभर फ्री में नहीं खड़ी कर सकते गाड़ी, देना होगा इतना शुल्क

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में सड़कों पर रातभर गाड़ी खड़ी करने पर अब शुल्क देना होगा। नगर विकास विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। योजना के मुताबिक, नगर निगम के अधिकार क्षेत्र (सार्वजनिक जगहों) में आने वाले स्थानों पर यदि कोई रात में गाड़ी खड़ी करता है तो उससे पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क प्रति रात 100 रुपये, हफ्ते भर के लिए 300 रुपये, महीने भर के लिए 1000 रुपये और साल भर के लिए 10000 रुपये होगा।

इतना ही नहीं यदि कोई बिना परमिट के गाड़ी खड़ी करता है तो उससे तीन गुना शुल्क वसूल किया जाएगा। फिलहाल, इस प्रस्ताव को लेकर संबंधित विभाग से सुझाव, आपत्ति और निस्तारण



के बारे में पूरी डिटेल मांगी गई है. कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद नगर निगम में पार्किंग की नई नीति लागू होगी. बताया जा रहा है कि प्रदेश में स्पष्ट नीति ना होने की वजह से मनमाने तरीके से पार्किंग टेंडर उठते रहते हैं, जिसकी जलते शहरों में अवैध पार्किंग की बाढ़ आ गई है.

खेल

# दिनेश चांदीमल ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड की बराबरी की, ठोका 16वां टेस्ट शतक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** श्रीलंका के अनुभवी बल्लेबाज दिनेश चांदीमल ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतकीय पारी खेलकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। पाथुम निसांका के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे दिनेश ने 171 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। चांदीमल का टेस्ट में ये 16वां शतक है। इसी के साथ उन्होंने श्रीलंका के लिए खेलते हुए सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने की सूची में दिग्गज सनथ जयसूर्या की बराबरी कर ली है। दिनेश शतक लगाने के बाद ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके और ग्लेन फिलिप ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। दिनेश चांदीमल का टेस्ट क्रिकेट में ये 45वां पचास से अधिक का स्कोर था। इसी के साथ उन्होंने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जयसूर्या ने 110 मैचों में 45 बार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया था। दिनेश चांदीमल ने सिर्फ 84 मैचों



में ये कारनामा करके दिखाया है। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने का रिकॉर्ड कुमार संगकारा (90) के नाम है। महेला जयवर्धने (84), एंजलो मैथ्यूज (59) और दिमुथ करुणारत्ने ने 55 बार ये कारनामा किया है। दिमुथ करुणारत्ने के साथ मिलकर दिनेश ने दूसरे विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी की। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट मैच में 63 रन से हराया। श्रीलंका का WTC फाइनल तक का सफर आसान नहीं रहने वाला है। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टेस्ट, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट सहित बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे। अगर वह ऐसा करने में कामयाब होते हैं तो वह फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अच्छी स्थिति में होंगे।

सिनेमा

# पेरिस फैशन वीक बाद आराध्या संग IIFA के लिए निकलीं ऐश्वर्या राय, ट्रोलर्स बोले- स्कूल कब जाती है?



बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन हमेशा ही खबरों में छाई रहती हैं। ऐश्वर्या एक फेमस स्टार होने के साथ ही एक जिम्मेदार मां भी हैं। अक्सर देखा गया है कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या को हमेशा ही अपने साथ रखती हैं। वो जहां भी जाती हैं बेटी को साथ लेकर ही जाती हैं। ऐश्वर्या बुधवार को ही 'पेरिस फैशन वीक 2024'से लौटी हैं और अब गुरुवार को फिर से अपनी बेटी के साथ IIFA के लिए निकल गई हैं। आराध्या लगभग हर इंटरनेशनल ट्रिप पर आराध्या अपनी मां के साथ होती हैं। ऐसे में ऐश्वर्या अपनी बेटी की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। हर किसी ने सोशल मीडिया पर आराध्या की पढ़ाई को लेकर सवाल किया। IIFA अवॉर्ड्स अबु धाबी में 27 से 29 सितंबर तक चलेगा। इस अवॉर्ड्स शो में शामिल होने के लिए ऐश्वर्या राय बच्चन भी अपनी बेटी के साथ रवाना हो गई हैं। बीते रोज ऐश्वर्या और आराध्या को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि ऐश्वर्या ब्लैक कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। वहीं, आराध्या ने ब्लू टॉप के साथ ब्लैक पैंट कैरी किया है।

## Highlights

1. People disrespected what Rahul did, he has turned it around: Saif

2. Heavy to very heavy rainfall warning issued for several states, list released

3. Jharkhand government waives farm loans of up to ₹2 lakh

4. International search issued for Rinson Jose over pager blasts

5. Man who cut B'luru woman into pieces sat with her body through the night

# Nvidia CEO Jensen Huang loves Meta's new 'Orion' prototype glasses

**NEW DEIHI, (Agency).** Nvidia's CEO Jensen Huang appeared to be a fan of Meta's new "Orion" prototype glasses, referring to their 100 gram weight as "a big deal," while also complimenting the various aspects of the technology, according to a Business Insider report.

Huang was one of several big names including Silicon Valley prodigies, media personalities, and even Olympians who tried out the glasses at Meta's Connect event on Wednesday, September 25, 2024.

"The tracking is good, the brightness is good, the color contrast is good, field of view is excellent," Huang said in the video.

However, Meta is also one of Nvidia's biggest customers, with Zuckerberg telling in an interview with The Verge that the Meta would have nearly 600,000 GPUs by the end of 2024.




What are Meta's Orion glasses all about?

The "Orion" glasses are Meta's first prototype holographic types with augmented reality, which had been in the works for nearly a decade now.

The challenges involved in building these glasses included the need to keep them light, while at the same time, making sure they had a wide field of view and the wearer could see through them properly.

Meta founder and CEO Mark Zuckerberg said the glasses aren't ready for consumers yet, with the company focussing on refining the details and lowering the potential retail price. However, external developers may be able to get access to it, according to the report.

How do Meta's Orion glasses work?

The display architecture of the glasses uses tiny projectors which bend light to create holograms of different depths and sizes. They are powered by a battery in the arm, which is made of customized silicon and has sensors.

# As buyers accept a premium for good audio, spotlight remains on headphones

**NEW DEIHI, (Agency).** Realignments aren't easy, but they've been done before. Televisions made a strong comeback, as smart TVs through the best part of this past decade when external media players and gaming consoles contended for streaming dominance. Premium headphones, similarly under threat from true wireless earbuds (or TWS), are fighting back with features as key differentiators.

British tech company Dyson,



and American audio giants Sonos are looking to break into a premium headphones market that's otherwise dominated by Sony, Bose, and Sennheiser. Apple's updated AirPods Max, which go on sale now, adds another layer of intrigue. Sony doesn't have a premium new headphone to join its portfolio but has announced an additional colour, Smoky Pink, for its 1000X series ahead of the festive season sales.

This week, Dyson, a brand well known for high-tech air purifiers, home cleaning devices, and hair care products, launched OnTrac headphones. They're priced at ₹44,900. These imbibe learnings from the first-generation cans (called Dyson Zone; with a built-in air purification visor that made wearers look like Bane from The Dark Knight). Gone is that visor, and the focus is on pure audio.

"I recognise that a lot of headphones look the same. They're all black, plastic," Jake Dyson, chief engineer at Dyson, told HT. No surprise then, the company has gone for four dual-tone colourways as the default pick, along with seven colours each for replaceable ear cushions and outer caps—these will cost around ₹4,900 per colour, for a pair of cushions or caps. That level of customisation is still quite rare with headphones.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक